कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुलतानपुर।

पत्रांक 6846 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 21-10-24

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद सुलतानपुर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुल रिक्त पद	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का आरक्षण विवरण			
			अनारक्षित	अन्य पिछडा वर्ग	अनुसूचित जाति	आर्थिक रूप से पिछडा वर्ग
1	2	3	4	5	6	7
1	अखण्डनगर	16	9	3	4	0
2	बल्दीराय	41	24	7	6	4
3	भदैया	7	1	0	6	0
4	धनपतगंज	8	6	1	1	0
5	दोस्तपुर	13	4	2	6	1
6	दुबेपुर	4	1	1	2	0
7	जयसिंहपुर	5	1	0	4	0
8	कादीपुर	25	20	2	1	2
9	कूरेभार	8	4	0	4	0
10	कुड़वार	4	1	0	3	0
11	लम्भुआ	8	5	1	1	1
12	मोतिगरपुर	11	11	0	0	0
13	पी0पी0 कमैचा	5	3	1	0	1
14	सुलतानपुर शहर	3	0	0	2	1
योग		158	90	18	40	10

उपरोक्त रिक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा की स्थायी निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01, जुलाई, 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।

CamScanner

6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11, नवम्बर, 2024 की मध्य रात्रि 12.00 बजे तक रहेगी।

7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु सम्बंधित विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन, सुलतानपुर में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय,

21/10/24

(शरद कुमार त्रिपाठी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सुलतानपुर।

पृष्ठांकनः C-846 /तद्दिनांकः

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।

2– जिलाधिकारी महोदया, सुलतानपुर।

3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सुलतानपुर।

4– अपर जिलाधिकारी प्रशासन, सुलतानपुर।

5– अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, सुलतानपुर।

6– मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सुलतानपुर।

7– समस्त उपजिलाधिकारी, सुलतानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

8– जिला सूचना अधिकारी सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से निशुल्क प्रकाशित कराते हुए प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।

9– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें। ।

10– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस सूचना/विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के साथ–साथ सम्बंधित तहसील एवं समबंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कराएं।

11– सम्पादक, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं अमृत विचार सुलतानपुर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति दिनांक 22.10.2024 के अंक में न्यूनतम दरों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

12– सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

21/10/24

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सुलतानपुर।

CamScanner